हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार 23 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 42.5 डिग्री
न्यूनतम 18.9 डिग्री

10 भव्यता के साथ मनाई महात्मा हंसराज जयंती...



10 रोड सेफ्टी को लेकर प्रशासन सख्त, नियम उल्लंघन पर ..



## खबर संक्षेप

### कुविः डॉ. अजय बने उप मुख्य सुरक्षा अधिकारी



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार यूनिवर्सिटी इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के एसोसिएट प्रो. डॉ. अजय जांगड़ा को तत्काल प्रभाव से आगामी आदेशों तक विश्वविद्यालय के उप-मुख्य सुरक्षा अधिकारी का कार्यभार सौंपा गया है। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि डॉ. अजय जांगड़ा ने अपनी नियुक्ति के लिए कुवि कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा का आभार व्यक्त जताया है।

### शादी का झांसा देकर नाबालिग का अपहरण

**यमुनानगर।** शहर की एक कॉलोनी से युवक शादी का झांसा देकर नाबालिग लड़की को अगवा करके ले गया। पुलिस ने लड़की के परिजनों की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शहर यमुनानगर थाना क्षेत्र की एक कालोनी निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 21 अप्रैल को उसकी 16 वर्षीय लड़की किसी काम से घर से बाहर गई थी। काफी तलाश के बाद भी लड़की का कुछ भी पता नहीं चला। लड़की को प्रिंस नामक युवक शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है।

### चोरों ने सूने घर से चुराई नकदी और आभूषण

**यमुनानगर।** शहर के गुरू नानक नगर में चोरों ने दिन दहाड़े सूने घर में घुसकर 50 हजार रुपये की नकदी और लाखों रुपये के आभूषण चोरी कर लिए। घटना के समय परिवार के सदस्य किसी काम से बाहर गए थे। वापस लौटने पर चोरी की वारदात का पता चला। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गुरु नानक नगर निवासी तरनजीत सिंह ने बताया कि 18 अप्रैल को घर का ताला लगा कर बाहर गया था। शाम को जब वह वापस लौटा तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर घर से 50 हजार रुपये, सोने की चेन, एक सोने की अंगूठी व अन्य आभूषण गायब मिले। जिसकी कीमत करीब एक लाख 65 हजार रुपये है।

### युवकों ने महिला के गले से छीनी सोने की चेन

**यमुनानगर।** हुडा सेक्टर 17 निवासी सुमन रानी ने बताया कि 21 अप्रैल को सुबह साढ़े 10 बजे वह किसी काम से जाने के लिए घर के बाहर निकली थी। इस दौरान बाइक पर सवार होकर दो युवक आए। आरोपियों ने आते ही उसके गले से सोने की चेन झपट ली और मौके से फरार हो गए। उसके शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने आरोपियों का पीछा कर उन्हें पकड़ने का प्रयास किया मगर आरोपी मौके से भागने में कामयाब हो गए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### कुवि में कथक नृत्य प्रतियोगिता 24 को

**कुरुक्षेत्र।** शास्त्रीय नृत्य और संगीत की समृद्ध परंपरा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सत्युग दर्शन संगीत कला केंद्र एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संगीत एवं नृत्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में कथक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन 24 अप्रैल को विश्वविद्यालय के संगीत एवं नृत्य विभाग के सभागार में आयोजित होगा। प्रतियोगिता में कुल 50 के करीब प्रतिभागी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे, जिसमें सत्युग दर्शन संगीत कला केंद्र की छात्राएं भी उत्साहपूर्वक भाग लेंगी। यह आयोजन उभरते हुए कलाकारों को एक बड़ा मंच प्रदान करेगा ताकि वे कथक जैसी समृद्ध शास्त्रीय नृत्य विधा के माध्यम से प्रतिभा का लोहा मनवा सकें।

---

### गुरुकुल कुरुक्षेत्र के छात्र ने इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज कराया नाम

# 16 वर्षीय नमन लुहाच ने रचा इतिहास, 35.53 सेकंड में सुनाए 1 से 50 तक के क्यूब्स



- 37.80 सेकंड का पुराना रिकॉर्ड तोड़कर नई मिसाल संस्थान में खुशी का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

प्रतिभा उम्र की मोहताज नहीं होती, यह साबित कर दिखाया है गुरुकुल कुरुक्षेत्र के 16 वर्षीय छात्र नमन लुहाच ने। अपनी असाधारण स्मरण शक्ति और तेज प्रस्तुति क्षमता के दम पर नमन ने इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। नमन ने 1 से 50 तक के घनों (क्यूब्स) को मात्र 35.53 सेकंड में बोलकर नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। इससे पहले यह रिकॉर्ड 37.80 सेकंड का था, जिसे नमन ने शानदार प्रदर्शन के साथ पीछे छोड़ दिया।

इस उपलब्धि के बाद गुरुकुल परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल है। साथी छात्र और शिक्षक नमन की इस सफलता पर गर्व महसूस कर रहे हैं। गुरुकुल के निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार शर्मा ने नमन की सराहना करते हुए कहा कि संस्थान का मुख्य उद्देश्य छात्रों की छिपी प्रतिभा को पहचानकर उसे सही दिशा देना है। उन्होंने बताया कि हर बच्चे में कोई न कोई विशेष क्षमता होती है, जिसे यदि सही मार्गदर्शन और अवसर मिले तो वह राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान बना सकता है। नमन की इस सफलता ने न केवल संस्थान का नाम रोशन किया है, बल्कि अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन गई है। नमन की इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया है कि यदि लगन और मेहनत हो तो कोई भी लक्ष्य दूर नहीं होता।

### हेरोइन तस्करी में तीन आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** पुलिस ने हेरोइन तस्करी के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 20 ग्राम 61 मिलीग्राम हेरोइन बरामद की। पुलिस ने कलरहेड़ी रोड पुलिया के पास से आरोपी सभी कुमार को पकड़ा, जिसके पास से 9 ग्राम 10 मिलीग्राम हेरोइन मिली। वहीं, थाना सदर अंबाला पुलिस ने हीरा नगर के पास बाइक सवार नितिन और अंकुर को काबू किया। तलाशी में उनके पास से 11 ग्राम 51 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

---

### धोखाधड़ी के मामले में पत्नी समेत फरार है पूर्व सरपंच

# बाइक पर आए बदमाशों ने पूर्व सरपंच के घर पर बरसाई गोलियां

- गोलियों के 15 खोल बरामद
- कई दिनों से बंद पड़ा था घर सीसीटीवी में कैद हुई वारदात
- फायरिंग के बाद आरोपी फरार, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



**यमुनानगर।** गांव भूरे का माजरा में घर के बाहर पल्सर बाइक पर आए बदमाश सीसीटीवी फुटेज में कैद। फोटोः हरिभूमि

रादौर थाना क्षेत्र के गांव भूरे का माजरा में पल्सर बाइक पर सवार होकर आए दो बदमाशों ने पूर्व सरपंच ऋषिपाल के घर पर ताबड़तोड़ फायरिंग की। गनीमत यह रही है कि घटना में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गोलियों के 15 खोल बरामद किए। घटना घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को कब्जे में लेकर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। रादौर थाना प्रभारी आनंद प्रकाश ने बताया कि बीती रात उन्हें सूचना मिली थी कि गांव भूरे का माजरा में पूर्व सरपंच ऋषिपाल के घर के बाहर बदमाशों ने फायरिंग की है। सूचना मिलते ही वह टीम के साथ मौके पर पहुंचा। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। उन्होंने बताया कि पूर्व सरपंच के इस घर पर काफी समय से ताला लगा हुआ है। उन्होंने बताया कि पुलिस आसपास के इलाकों में आरोपियों की तलाश कर रही है। फिलहाल फायरिंग के पीछे का मकसद स्पष्ट नहीं हो पाया है और पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। मौके पर सीन ऑफ क्राइम की टीम को बुलाया गया है। सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से आरोपियों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

#### पूर्व सरपंच पर नकली नोटों को असली बनाने का झांसा देकर ठगने का केस

थाना प्रभारी ने बताया कि पूर्व सरपंच ऋषिपाल पर नकली नोटों को असली बनाने का झांसा देकर लोगों से ठगी करने का आरोप है। जनवरी 2026 में इस ठगी का पर्दाफाश हुआ था। बताया जा रहा है पूर्व सरपंच उस समय से ही अपने परिवार के साथ फरार है। पुलिस जांच में सामने आया था कि ठगी करने वाले गिरोह का मास्टरमाइंड वही था और वह गांव में स्थायी रूप से न रहकर चंडीगढ़ व मोहाली से पूरे नेटवर्क को संचालित करता था। गांव स्थित उसकी कोठी का इस्तेमाल ठगी के अड्डे के रूप में किया जाता था। जहां बाहर से लोगों को बुलाकर कांच की प्लेटों, डाई और सफेद कागजों के जरिए नकली नोट तैयार करने का नाटक किया जाता था। उन्होंने बताया कि पुलिस दोनों मामलों को जोड़कर गहन जांच कर रही है। आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है।

---

### कांसापुर में जाहिद फार्म के पास हादसा

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से स्कूटी सवार व्यक्ति की मौत

- रात को बाजार से सामान खरीदकर स्कूटी पर घर लौट रहा था मृतक व्यक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर




शहर के कांसापुर स्थित जाहिद फार्म के पास देर शाम तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली ने स्कूली चालक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की अस्पताल में मौत हो गई। मृतक देर शाम बाजार से सामान खरीदकर स्कूली पर घर लौट रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर-ट्राली चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव राटौली निवासी विक्रम ने बताया कि वह चार भाई बहन हैं। उसका बड़ा भाई 45 वर्षीय राम सिंह प्राइवेट कंपनी में काम करता था। इसके साथ ही वह घर पर दूध की डेयरी का काम भी करता था। रात करीब नौ बजे वह अपने भाई को यमुनानगर में मिला। इस दौरान उसके भाई राम सिंह ने घर का सामान खरीदा। इसके बाद वह दोनों अपने अपने वाहनों से गांव राटौली के लिए चल पड़े। उसने बताया कि राम सिंह अपनी स्कूटी पर आगे जा रहा था। जबकि वह अपनी बाइक पर उसके पीछे चल रहा था। करीब सवा नौ बजे जब वह कांसापुर के पास जाहिद खान के फार्म के नजदीक पहुंचे। तभी सामने से आ रहे ट्रैक्टर ट्रॉली चालक आरिफ ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए राम सिंह की स्कूटी को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि राम सिंह स्कूटी समेत सड़क पर गिर गया और गंभीर रूप से घायल होकर लहूलुहान हो गया। बाइक रोककर भाई को संभाला लेकिन थोड़ी ही देर में वह बेहोश हो गया। उसने मौके पर ही ट्रैक्टर ट्रॉली का नंबर नोट किया। घायल राम सिंह को सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### धीमा उठान करने पर 4 ठेकेदारों पर लगाई पेनल्टी

**लाडवा।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि लाडवा अनाज मंडी में उठान धीमा होने के कारण ठेकेदारों पर पेनल्टी लगाई है। ठेकेदार को पेनल्टी की राशि खाद्य एवं आपूर्ति विभाग में जमा करवानी होगी। इसके साथ ही आगे से उठान में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। इनमें में लाडवा अनाज मंडी में काम कर रही मेसर्स सीएस ट्रांसपोर्ट कंपनी श्रम एवं ढुलाई ठेकेदार, मेसर्स एसएच लेबर कांट्रेक्टर परिवहन ठेकेदार, मेसर्स करनैल सिंह एंड कंपनी परिवहन ठेकेदार और मेसर्स राधेश्याम परिवहन ठेकेदार शामिल हैं। मेसर्स सीएस ट्रांसपोर्ट कंपनी श्रम एवं ढुलाई ठेकेदार, मेसर्स एसएच लेबर कांट्रेक्टर परिवहन ठेकेदार, मैसर्ज करनैल सिंह एंड कंपनी परिवहन ठेकेदार और मेसर्स राधेश्याम परिवहन ठेकेदार लाडवा अनाज मंडी में निरीक्षक की मांग के अनुरूप पर्याप्त संख्या में ट्रकों को उपलब्ध करवाते हुए गेहूं का पूर्ण उठान करवाना सुनिश्चित करें।

---

# मां-बेटे समेत पांच आरोपी भगोड़े घोषित

- नशा तस्करी व चेक बाउंस समेत अन्य मामलों में कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत में विभिन्न मामलों में पेशी से फरार चल रहे आरोपियों के खिलाफ अदालतों ने सख्त रुख अपनाते हुए मां-बेटे समेत पांच लोगों को भगोड़ा घोषित कर दिया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश योगेश चौधरी की अदालत ने नशा तस्करी के आरोपी कन्ना गड़री उर्फ किशन निवासी उदयपुर, राजस्थान को भगोड़ा करार दिया। वहीं न्यायिक मजिस्ट्रेट डॉ. तरुण कुमार वर्मा की अदालत ने चेक बाउंस के अलग-अलग मामलों में साहिल निवासी फ्रेंड्स कॉलोनी, पानीपत और राजेश निवासी सफीदों, जींद को भगोड़ा घोषित किया। इसके अलावा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह की अदालत ने स्टेट बनाम सुरेंद्र केस में आरोपी सुरेंद्र कौर और उसके पुत्र धर्मबीर निवासी हुडा सेक्टर 11-12, पानीपत को भी भगोड़ा घोषित किया है। अदालतों के आदेश के बाद थाना सिटी पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 209 बीएनएस के तहत केस दर्ज कर लिया है।

# ग्रुप लोन के नाम पर महिलाओं से 8.50 लाख की धोखाधड़ी

**अंबाला।** अंबाला शहर के धूलकोट गांव की सात महिलाओं के साथ ग्रुप लोन के नाम पर 8.5 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़िताओं बिमला देवी, रानी, परमीत, पूनम, सलोचना, रानी देवी और कुलदीप कौर ने एसपी को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की थी। महिलाओं का आरोप है कि पंजलासा गांव की फाइनेंस कंपनी की एजेंट सुषमा देवी ने ग्रुप लोन दिलाने के नाम पर प्रति महिला करीब 1.15 लाख रुपये की राशि हड़प ली। बाद में उसने अपना फोन बंद कर लिया और संपर्क से बाहर हो गई। वहीं फाइनेंस कंपनी की ओर से किश्तें भरने का दबाव बनाया जा रहा है। बलदेव नगर थाना पुलिस ने एजेंट सुषमा के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### प्लाट बेचने का झांसा देकर महिला से हड़पे 6.5 लाख

**यमुनानगर।** प्रॉपर्टी के नाम पर महिला से धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। हुडा सेक्टर-17 निवासी सोनिया जैन ने शिकायत में बताया कि विशाल नगर निवासी अमित गुलाटी, आदर्श नगर निवासी निर्मल चौहान और सेक्टर-17 निवासी संजय चौहान ने प्लॉट बेचने का झांसा देकर उनसे करीब साढ़े छह लाख रुपये हड़प लिए। आरोपियों ने फर्जी दस्तावेज और एग्रीमेंट दिखाकर उन्हें भरोसे में लिया और प्लॉट की खरीद-फरोख्त का सौदा तय कराया। महिला ने बताया कि 29 लाख 41 हजार रुपये में एग्रीमेंट हुआ था, जिसमें 6 लाख 30 हजार रुपये बयाने के रूप में दिए गए थे। बाद में रजिस्ट्री की तारीख टाल दी गई और आरोपी गायब हो गए। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

### आरोपित पुलिस कर्मी पर सख्त कदम उठाने के निर्देश

# थानेदार पर भड़के विधायक कार्रवाई न होने पर दी चेतावनी

- कार्रवाई न होने पर मुख्यमंत्री और डीजीपी से भी मिलेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

समालखा से विधायक मनमोहन भडाना ने गांव उझा के जीतेंद्र के केस में आरोपी दो पुलिस कर्मियों समेत अन्य आरोपियों पर कार्रवाई नहीं किए जाने पर थाना चांदनी बाग के एसएचओ संदीप को फोन कर गहरी नाराजगी जताई। भडाना ने एसएचओ संदीप को उन दो पुलिस कर्मियों पर सख्त कार्रवाई के आदेश दिए जो जीतेंद्र को प्रताड़ित कर रहे थे। उन्होंने थानेदार संदीप को चेताया कि आरोपियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री व पुलिस महानिदेशक से मिलेंगे। वहीं, भडाना ने गांव उझा पहुंच कर जीतेंद्र का हालचाल जाना और उसे न्याय दिलवाने का आश्वासन दिया। स्मरणीय है कि जीतेंद्र तेरह 3 अप्रैल को थाना चांदनीबाग की छत से नीचे कूद गया था। इस घटना में वह घायल हो गया था। वहीं, जीतेंद्र की पत्नी ने अपने पति को प्रताड़ित किए जाने के आरोप परिजन व दो पुलिस कर्मियों पर लागए थे।

---

### कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में खिलाड़ियों के लिए विकसित होगा आधुनिक सिंथेटिक ट्रैक

#### टेंडरिंग और तकनीकी मूल्यांकन प्रक्रिया शुरू

# खिलाड़ियों को मिलेगा अब बेहतर प्रशिक्षण, प्रदर्शन में आएगा निखार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय (कुवि) खेलों के क्षेत्र में एक नई उपलब्धि की ओर बढ़ते हुए खिलाड़ियों के लिए आधुनिक सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक विकसित करने जा रहा है। यह ट्रैक अंतराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार किया जाएगा, जिससे विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं मिल सकेंगी। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि इस सिंथेटिक ट्रैक के निर्माण से एथलेटिक्स से जुड़े खिलाड़ियों को अभ्यास और प्रतियोगिताओं के लिए अत्याधुनिक मंच उपलब्ध होगा। इससे न केवल कुवि के खिलाड़ियों का प्रदर्शन बेहतर होगा, बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उनकी भागीदारी भी मजबूत होगी। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय पहले से ही खेलों के क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बना चुका है। यहां के खिलाड़ियों ने विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। अब सिंथेटिक ट्रैक जैसी सुविधा जुड़ने से कुवि का खेल ढांचा और अधिक सुदृढ़ होगा। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने देश को अब तक 16 अर्जुन अवॉर्डी, 5 द्रोणाचार्य अवॉर्डी तथा 9 पद्मश्री सम्मानित खिलाड़ी प्रदान किए हैं। यह उपलब्धियां विश्वविद्यालय की सुदृढ़ खेल संस्कृति और उत्कृष्ट प्रशिक्षण व्यवस्था का प्रमाण हैं। खेल निदेशक प्रो. डीएस राणा ने बताया कि इस परियोजना के पूरा होने के बाद कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल आयोजनों की मेजबानी करने में भी सक्षम हो जाएगा, जिससे क्षेत्र में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा।



#### तकनीकी मूल्यांकन की प्रक्रिया शुरू

सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक प्रोजेक्ट के लिए टेंडरिंग और तकनीकी मूल्यांकन की प्रक्रिया निर्माण शाखा द्वारा शुरू कर दी गई है। निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है, जिसकी निगरानी स्वयं विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा की जा रही है।
-पंकज शर्मा, कुवि एक्सईन

#### ट्रैक का उद्घाटन सीएम नायब सैनी ने किया गया था

खेल निदेशक प्रो. डीएस राणा ने बताया कि हाल ही में अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ द्वारा मान्यता प्राप्त सिंथेटिक हॉकी एस्ट्रोटर्फ का उद्घाटन हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा किया गया था। प्रो. डीएस राणा ने आगे बताया कि इसी क्रम में अब विश्वविद्यालय में रूसा की ग्रांट से सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक के निर्माण की प्रक्रिया भी तेजी से आगे बढ़ रही है। इस ट्रैक के तैयार होने से एथलेटिक्स के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप प्रशिक्षण सुविधाएं मिलेंगी, जिससे वे अपनी प्रतिभा को और निखार सकेंगे।

---

# नशीला पदार्थ रखने पर 10 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट एनडीपीएस एक्ट) ने नशीला पदार्थ रखने के आरोपी प्रेमवन योगेश्वर वासी पाली राजस्थान हॉल वासी मॉडल टाउन पानीपत को 10 साल कठोर कारावास व 1 लाख 20 हजार रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई है। जिला न्यायवादी ने बताया कि 18 मई 2019 को अपराध अन्वेषण शाखा-1 प्रभारी निरीक्षक मंदीप सिंह, मुख्य सिपाही राजेश कुमार, नरेश कुमार की टीम कुरुक्षेत्र-कैथल रोड पर गांव मिजार्पुर के पास मौजूद थी। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर प्रेमवन योगेश्वर वासी पाली राजस्थान हॉल वासी मॉडल टाउन पानीपत को भाखड़ा नाहर पुल के पास नाकाबंदी करके कार सहित काबू किया था। राजपत्रित अधिकारी के सामने पुलिस द्वारा आरोपी के कार की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 20 किलोग्राम डोडा/चूरापोस्त बरामद हुआ था। आरोपी के विरुद्ध थाना केयूके में नशीली वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके गिरफ्तार कर लिया था।

मामले की नियमित सुनवाई करते हुए अदालत ने नशीला पदार्थ रखने के आरोपी प्रेमवन योगेश्वर वासी पाली राजस्थान हॉल वासी मॉडल टाउन पानीपत को दोषी करार देते हुए 10 साल कठोर कारावास व 1 लाख रुपए जुमार्ना, जुमार्ना न भरने की सूरत में 6 माह के अतिरिक्त कठोर कारावास की सजा 20 हजार रुपये का अतिरिक्त जुमार्ना भरना पड़ेगा।

## खबर संक्षेप



### महिलाओं को अधिकारों के प्रति किया जागरुक

**यमुनानगर।** जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय यमुनानगर द्वारा गांव भम्मनौली में कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को उनके अधिकारो के प्रति जागरुक किया गया। इस दौरान विभाग की गुरदेव एंड भजन पार्टी ने गीतों व भजनों के माध्यम से महिलाओं को उनके हितों व अधिकारों की विस्तार से जानकारी दी। भजन मंडली का नेतृत्व कर रहे भजन गायक गुरदेव सिंह ने बताया कि हमारे देश में अभी भी महिलाओं, बच्चों व लोगों को यह जानकारी नहीं है कि उनके कानूनी अधिकार क्या है और उनके हित में सरकार द्वारा कौन कौन सी जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई गई हैं। उन्होंने कहा कि यदि हम सभी मिलकर महिलाओं को यह बताने का प्रयास करेंगे कि उनके कानूनी अधिकार क्या है और उन्हें कहां कहां से कानूनी सहायता मिलती है। तो अवश्य ही लोग अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होंगे।

### पंचायती भूमि से सफेदे के 30 पेड़ हुए चोरी

यमुनानगर। छछरौली थाना क्षेत्र के गांव मुकारबपुर की पंचायती भूमि पर खड़े सफेदे के 30 पेड़ काटकर चोरी कर लिए गए। पुलिस ने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्तिक चौहान ने छछरौली पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि गांव मुकारबपुर की पंचायती भूमि पर सफेदे के पेड़ लगे हुए हैं। उसे सूचना मिली थी कि अज्ञात ने पंचायती भूमि पर खड़े सफेदे के पेड़ काटकर चोरी कर लिए हैं। सूचना मिलते ही वह टीम के साथ मौके पर पहुंचा। जांच के दौरान पंचायती भूमि से सफेदे के 30 पेड़ कटे मिले। उसने बताया कि चोरी हुए सफेदे के पेड़ों की कीमत करीब 50 हजार रुपये है। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### 41 नई ट्राई साइकिलों को मेयर और निगम आयुक्त ने दिखाई हरी झंडी

# अब तंग गलियों में भी घर-घर से उठेगा कचरा, स्वच्छ बनेगा शहर

■ हर वार्ड की तंग गलियों से गीला सूखा कचरा अलग अलग होगा संग्रहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

ट्विन सिटी की तंग गलियों में कचरा उठान की समस्या के समाधान करने के लिए नगर निगम द्वारा 41 नई ट्राई साइकिल खरीदी गई है। बुधवार को मेयर सुमन बहमनी और नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने निगम कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर इन ट्राई साइकिलों को रवाना किया।

मेयर सुमन बहमनी ने बताया कि जिन संकरी गलियों और रास्तों में निगम के टिप्पर व ट्रैक्टर ट्रॉलियां नहीं पहुंच पाती, वहां अब इन ट्राई साइकिलों के माध्यम से घर-घर से कचरा उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पहले भी प्रत्येक वार्ड में ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई गई थीं लेकिन संख्या पर्याप्त नहीं थी। अब 41 नई रेहड़ियां आने से सभी वार्डों में कमी पूरी हो गई है।



**यमुनानगर।** नगर निगम कार्यालय से ट्राई साइकिलों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करतीं मेयर सुमन बहमनी और आयुक्त महाबीर प्रसाद। फोटो : हरिभूमि

उन्होंने बताया कि इन ट्राई साइकिलों में गीला और सूखा कचरा अलग-अलग एकत्रित करने की व्यवस्था की गई है। कर्मचारी गीले कचरे को एक हिस्से और सूखे कचरे को दूसरे हिस्से में डालेंगे। इसके बाद कचरा एमआरएफ सेंटर पहुंचाया जाएगा। जहां गीले कचरे से खाद तैयार की जाएगी और ठोस कचरे की छंटाई कर निस्तारण किया जाएगा। नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने कहा कि सफाई कर्मचारियों को ट्राई साइकिल मिलने से गलियों, सड़कों, नाले नालियों की सफाई के साथ कचरा उठान व्यवस्था भी और सुदृढ़ होगी। जरूरत पड़ने पर भविष्य में और रेहड़ियां भी मंगवाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छता में नंबर वन बनाने के लिए नगर निगम के अधिकारीए सफाई शाखा के कर्मचारी और स्वच्छ भारत मिशन की टीम लगातार प्रयासरत है। इन प्रयासों से शहर जल्द ही सुंदर, स्वच्छ और स्मार्ट बनेगा। मौके पर कार्यकारी अधिकारी जरनैल सिंह, पार्षद संदीप धीमान, पार्षद दीक्षित कुमार, मुख्य सफाई निरीक्षक हरजीत सिंह, मुख्य सफाई निरीक्षक विनोद बेनीवाल, सफाई निरीक्षक अजीत सिंह, प्रदीप दहिया, सतबीर सिंह, सचिन कांबोज, कृष्ण राणा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## जिले में स्व-गणना 30 अप्रैल तक चलेगी : प्रीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा में जनगणना 2027 के लिए जिला में स्व गणना 30 अप्रैल तक संचालित की जाएगी। जिसके माध्यम से नागरिक आधिकारिक पोर्टल एसई.सेनसस.जीओवी.इन पर अपनी जनगणना संबंधित जानकारी स्वयं ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। उक्त जानकारी उपायुक्त प्रीति ने अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी।

उपायुक्त प्रीति ने मौके पर स्वयं मोबाइल के माध्यम से स्व.गणना का कार्य किया। उन्होंने जिला वासियों से स्व.गणना प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए आहवान किया। उन्होंने जिलेवासियों को कहा कि आपकी सहभागिता जिला की बेहतर योजना निर्माण, सेवा वितरण में सुधार तथा समग्र विकास को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उपायुक्त ने बताया कि इसके पश्चात मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का आयोजन 1 मई से 30 मई 2026 तक किया जाएगा। उपायुक्त प्रीति ने बताया कि अब हरियाणा के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिक कहीं से भी जनगणना संबंधित जानकारी दर्ज कर सकते है। सुविधा हरियाणा के सभी जिलों में उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि स्व.गणना प्रपत्र में लगभग 33 प्रश्न शामिल होंगे। जिनमें परिवार के सदस्यों की संख्या, मकान का प्रकार एवं स्थिति पेयजल, बिजली, स्वच्छता जैसी मूलभूत सुविधाएं, शिक्षा एवं सामाजिक, आर्थिक जानकारी व मोबाइल नंबर अनिवार्य है।



**यमुनानगर।** में स्व गणना के लिए लोगों को प्रेरित करतीं उपायुक्त प्रीति।

## राष्ट्रीय लोक अदालतों में मिलता है सस्ता और सुलभ न्याय : कादियान

■ जिला न्यायिक परिसर में 9 मई को होगा दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला न्यायिक परिसर जगाधरी में नौ मई को दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुमित्रा कादियान ने दी।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम सुमित्रा कादियान ने बताया कि दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 मई को किया जाएगा। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक मामले, धारा 138 के तहत एनआई एक्ट के मामले, बैंक रिकवरी केस, एमएसीटी मामले, वैवाहिक विवाद मामले, श्रम विवाद मामले, भूमि अधिग्रहण मामले, बिजली और पानी से संबंधित मामले (गैर शमन योग्य मामलों को छोड़कर) वेतन और भत्ते तथा पुनः परीक्षण लाभ से संबंधित सेवा मामले और राजस्व व अन्य सहायक मामले जो कि सुलझाने योग्य हैं इस अदालत में लिए जाएंगे।



**यमुनानगर।** कार्यालय में जानकारी देतीं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम सुमित्रा कादियान। फोटो : हरिभूमि

-लोक अदालतें हो रही हैं कारगर सिद्ध

सीजेएम सुमित्रा कादियान ने बताया कि आपसी सहमति से हल हो सकने वाले मामलों में राष्ट्रीय लोक अदालत बहुत ही कारगर सिद्ध हो रही हैं। राष्ट्रीय लोक अदालत में सुनाए गए फैसले की भी उतनी ही अहमियत है जितनी सामान्य अदालत में सुनाए गए फैसले की होती है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में सस्ता और सुलभ न्याय मिलता है। राष्ट्रीय लोक अदालतों के माध्यम से लोगों का बिना समय व पैसा गवाएं केसों का समाधान किया जाता है। सीजेएम सुमित्रा कादियान ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालतों में न तो किसी पक्ष की हार होती है और न ही जीत होती है। बल्कि दोनों पक्षों की आपसी सहमति से विवादों का समाधान करवाया जाता है। कानूनी सहायता के लिए नालसा के टोल फ्री नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।



**रादौर।** जनता पब्लिक स्कूल में बच्चों को जानकारी देती आशा वर्कर।

### सर्वाइकल कैंसर से बचाव की दी जानकारी

**रादौर।** जनता पब्लिक स्कूल, अलाहर में बुधवार को स्वास्थ्य एवं जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एचपीवी जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान स्थानीय आशा कार्यकर्ता द्वारा संचालित किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों को महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान आशा कार्यकर्ता ने एचपीवी संक्रमण, इसके कारण, लक्षण, बचाव के उपाय एवं टीकाकरण के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समय पर जागरूकता व टीकाकरण के माध्यम से इस संक्रमण से होने वाली गंभीर बीमारियोंए विशेषकर सर्वाइकल कैंसर से बचाव संभव है। विद्यालय की प्राचार्य डॉ. कल्पना बजाज ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता अत्यंत आवश्यक हैए जिससे वे अपने जीवन में सही निर्णय ले सकें। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा अपने प्रश्नों के माध्यम से विषय को गहराई से समझने का प्रयास किया। विद्यालय के चेयरमैन मुकेश शास्त्री एवं एमडी रूबी कम्बोज ने आशा कार्यकर्ता का हार्दिक धन्यवाद व्यक्त करते हुए इस महत्वपूर्ण पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम समाज में स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने में सहायक होते हैं तथा विद्यालय भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा।

## गुरु गोबिंद सिंह जी की शिक्षाएं इंसानियत की सीख देती रहेंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर की क्रिटिक सोसाइटी के तत्वावधान में खालसा सजना दिवस (वैशाखी 1699) विषय पर ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रुप में जीएचजी खालसा कालेज लुधियाना के इकोनामिक्स डिपार्टमेंट के पहले हेड डॉ. बलविंदर पाल सिंह ने भाग लिया।

मुख्य वक्ता डॉ. बलविंदर पाल सिंह ने 1699 की ऐतिहासिक वैशाखी के गहरे ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे गुरु गोबिंद सिंह जी ने अपने फालोअर्स से नेकी के लिए अपनी जान देकर अपनी आस्था और कमिटमेंट दिखाने को कहा। उन्होंने उन पांच समर्पित सिखों की जबरदस्त हिम्मत को श्रद्धांजलि दी। जो आगे आए और अब पंज प्यारे (पांच प्यारे) के तौर पर पूजे जाते हैं। उन्होंने कहा कि पंज प्यारों की बहादुरी, त्याग, एकता और अटूट विश्वास के मूल्यों से हमें सदा प्रेरित रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी की शिक्षाएं आने वाली पीढियों को सच्चाई, न्याय और इंसानियत के लिए खड़े होने के लिए प्रेरित करती रहेंगी।वहीं, हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ. विनय चंदेल व पंजाबी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर ने भी अपने विचार रखे। जबकि डॉ. रमनदीप महल व प्रमोद ने व्याख्यान को सफल बनाने में सहयोग दिया। कालेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह जौहर ने व्याख्यान का आयोजन करने के लिए क्रिटिक सोसायटी के प्रयासों की सराहना की। कहा कि अहम ऐतिहासिक और आध्यात्मिक पड़ावों को दिखाने वाले प्रोग्राम विद्यार्थियों को अपनी कल्चरल विरासत से जुड़े रहने में मदद करते हैं और साथ ही उनके नैतिक नजरिए को भी बनाते हैं। कालेज के प्रिंसीपल डॉ. अरविंदर सिंह भल्ला ने इतना ज्ञान बढ़ाने वाला लेक्चर देने के लिए डॉ. बलविंदर पाल सिंह का दिल से धन्यवाद किया। बताया कि व्याख्यान से न केवल विद्यार्थियों की पढ़ाई की समझ को बढ़ावा मिलेगा बल्कि हिम्मत, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी के मूल्य भी सिखाएं।




**यमुनानगर।** गुरु नानक खालसा कॉलेज में आयोजित ऑनलाइन व्याख्यान में अपने विचार रखते हुए वक्ता। फोटो : हरिभूमि

### स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में अव्वल आने के लिए दीवारों पर करवाई जा रही पेंटिंग

# आकर्षक चित्रकारी देख स्वच्छता के प्रति बदलेगी सोच : बहमनी

मेयर सुमन बहमनी ने लोगों को शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

ट्विन सिटी यमुनानगर जगाधरी में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में अव्वल स्थान दिलाने को लेकर नगर निगम ने सौंदर्यीकरण और जन जागरूकता को एक साथ जोड़ते हुए नई पहल शुरू की है। इसके तहत शहर के प्रमुख चौक चौराहों, बाजारों, सार्वजनिक स्थलों और दीवारों पर आकर्षक वॉल पेंटिंग कराई जा रही हैं। जो न केवल शहर की खूबसूरती को बढ़ा रहा है। बल्कि नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी फैला रहा है।

मेयर सुमन बहमनी ने बताया कि ट्विन सिटी में की जा रही वाल पेंटिंग देखकर लोगों की स्वच्छता के प्रति सोच बदलेगी। वह भी सुंदर चित्रकारी देखकर अपने आसपास साफ सफाई करके वातावरण को स्वच्छ बनाने में सहयोगी बनेंगे। उन्होंने बताया कि वाल पेंटिग के तहत स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, कचरा पृथक्करण,प्लास्टिक मुक्त भारत और रिड्यूस, रीयूज, रीसाइकिल (आरआरआर) जैसे महत्वपूर्ण संदेशों को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया जा रहा है।




**यमुनानगर।** स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए दीवारों पर चित्रकारी करता चित्रकार।

रंग बिरंगी और आकर्षक चित्रकारी न केवल लोगों का ध्यान खींच रही है। बल्कि उन्हें अपने आसपास साफ. सफाई बनाए रखने के लिए भी प्रेरित कर रही है।स्थानीय नागरिक महेश कुमार, मनीष मलिक, अमित सैनी, विशाल खत्री, टिटू व कमल आदि ने बताया कि नगर निगम द्वारा शहर में करवाई जा रही आकर्षक चित्रकारी लोगों का मन मोह रही है। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि पहले जहां दीवारें गंदगी और अवैध पोस्टरों से अटी रहती थी। वह अब आकर्षक चित्रकारी से सज रही है। नगर में दीवारों पर प्रेरणादायक संदेशों और सुंदर चित्रों से सजे हुए नजर आ रहे हैं। इससे शहर का माहौल सकारात्मक बना है और लोगों में स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी की भावना भी बढ़ी है।

### नागरिकों की सोच में बदलाव लाना उदेश्य

अतिरिक्त नगर निगम आयुक्त धीरज कुमार ने बताया कि यह अभियान केवल शहर को सुंदर बनाने तक सीमित नहीं है। बल्कि इसका उद्देश्य नागरिकों की सोच में बदलाव लाना भी है। जब लोग अपने आसपास स्वच्छ और आकर्षक वातावरण देखते हैं तो वे स्वयं भी उसे बनाए रखने के लिए प्रेरित होते हैं। इसी सोच के साथ निगम द्वारा विभिन्न वार्डों में वॉल पेंटिंग कार्य लगातार आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही नगर निगम द्वारा नियमित सफाई अभियान, डोर.टू.डोर कचरा संग्रहण और जनजागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं। ताकि स्वच्छता को जन आंदोलन का रूप दिया जा सके। निगम का लक्ष्य शहर को न केवल साफ. सुथरा बनाना है। बल्कि इसे एक आदर्श शहर के रूप में विकसित करना भी है।



**यमुनानगर।** न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस पर प्रस्तुति देते बच्चे।

## पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना जरूरी

**यमुनानगर।** न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल सुढ़ैल में बुधवार को पृथ्वी दिवस उत्साह व जागरूकता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में विभिन्न शैक्षिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिनका उद्देश्य विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें पृथ्वी के महत्व से अवगत कराना था। कार्यक्रम में जूनियर कक्षाओं के विद्यार्थियों ने बढ़.चढ़कर भाग लिया। मौके पर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भूमिका अभिनय रोल प्ले के माध्यम से मदर नेचर और पृथ्वी की सुरक्षा का संदेश दिया। कार्यक्रम में मौजूद बच्चों द्वारा भाषण के माध्यम से पृथ्वी को बचाने के उद्देश्य से संदेश दिया। कार्यक्रम में मौजूद स्कूली शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को पृथ्वी के संरक्षण, स्वच्छता, वृक्षारोपण, जल बचाव एवं प्रदूषण नियंत्रण के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को समझाया गया कि छोटी-छोटी आदतें पानी की बचत, प्लास्टिक का कम उपयोग, पेड़ लगाना और स्वच्छता बनाए रखना हमारे पर्यावरण को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में मौजूद विद्यालय की प्रधानाचार्या तोषल वाधवा ने कहा कि पृथ्वी दिवस हमें यह याद दिलाता है कि हमारा भविष्य हमारी पृथ्वी की सुरक्षा पर निर्भर करता है। यदि हम आज से ही पर्यावरण के प्रति जागरूक होकर छोटे-छोटे कदम उठाएं, तो हम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और सुरक्षित पृथ्वी सुनिश्चित कर सकते हैं। विद्यालय के चेयरमैन जीएस शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों में प्रारंभ से ही पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना अत्यंत आवश्यक है। इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों को प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाती हैं और उन्हें एक जागरूक नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करती हैं।




**रादौर।** सरकारी स्कूल चमरोडी में कार्यक्रम में भाग लेते स्वयंसेवक।

## पृथ्वी को हरा-भरा रखने के लिए लगाने होंगे पौधे : देवी

**रादौर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चमरोडी में वर्ल्ड अर्थ डे मनाया गया। स्कूल प्रिंसिपल इंदिरा देवी की देखरेख में एनएसएस विद्यार्थियों द्वारा वर्ल्ड अर्थ डे विभिन्न गतिविधियों आयोजित की गई। एनएसएस अधिकारी पवन रोहिला ने बताया कि हमें पृथ्वी को सुंदर व हरा भरा रखने के लिए प्रयास करना चाहिए। पृथ्वी हमें जीवन जीने के लिए बहुत से जरूरी चीजों को उपलब्ध कराती है। हम पेड़ पौधे लगाकर व पर्यावरण को स्वच्छ रखकर इसे सुरक्षित रख सकते हैं। इस अवसर पर बच्चों ने पौधा लगाया व पेंटिंग की गई। बच्चों ने पेंटिंग के द्वारा यह संदेश दिया कि हमें अपनी धरती को साफ सुथरा रखना चाहिए। पर्यावरण को स्वच्छ रखना चाहिए व पौधे लगाने चाहिए। इस अवसर पर संत कुमार, निर्मल, राजेंद्र कुमार, सतीश, रामपाल, पवन रोहिल्ला, मीणा, मीनू, रूबी, मोनिका, प्रवीन आदि उपस्थित रहे।



**रादौर।** संजय गांधी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे।

## कागज के थैले को प्लास्टिक का विकल्प बनाने का दिया संदेश

रादौर। संजय गांधी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में बुधवार को अर्थ डे के अवसर पर विभिन्न शैक्षणिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। नर्सरी से यूकेजी तक के विद्यार्थियों के लिए चित्र निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसका विषय गो ग्रीनए सेव अर्थए नो प्लास्टिक रहा। प्रथम एवं द्वितीय कक्षा के विद्यार्थियों ने कागज के थैले बनाने की गतिविधि के माध्यम से प्लास्टिक के विकल्प को अपनाने का संदेश दिया। तृतीय से चतुर्थ कक्षा के विद्यार्थियों के लिए रचनात्मक गतिविधियाँ करवाई गईं। जबकि पंचम कक्षा के विद्यार्थियों ने नो प्लास्टिक, सेव एनवायरनमेंट विषय पर भूमिका निर्वहन प्रस्तुत किया। कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या सोनिया चानना व सुरेश चानना ने पृथ्वी संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर शरणप्रीत कौर, नवदीप बराड़, मोहित बालियान तथा राजविंदर कौर उपस्थित रहे।



**रादौर।** स्वराज शिशु निकेतन स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे।

## पेड़, पहाड़, नदियां और इंसान मिलकर धरा को बनाते हैं सुंदर

**रादौर।** स्वराज शिशु निकेतन स्कूल में बुधवार को पृथ्वी दिवस मनाया गया। विद्यार्थियों ने कविता, भाषण, चार्ट व पोस्टर के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किए। विद्यार्थी पृथ्वी दिवस की वेशभूषा में आए। इस अवसर पर मुख्य अध्यापिका रेनू शांडिल्य ने बताया कि पेड़, पहाड़, नदियां, इंसान सभी मिलकर इस धरती को सुंदर बनाते हैं। हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए। जो लोग पेड़ काटते हैं उन्हें ऐसा करने से रोकना होगा। हम अपनी धरती मां की रक्षा करेंगे व इसे सुंदर बनाएंगे। विजेता छात्रों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कृष्णा सदन की इंचार्ज पूजा ग्रोवर, कल्पना, रजनी शर्मा, श्रद्धा आदि मौजूद रही।

## धरती को हरा-भरा व सुरक्षित बनाना हम सबका कर्तव्य

**यमुनानगर।** विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष में बुधवार को महाराणा प्रताप सीनियर सैकेंडरी स्कूल नाचरौन में कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को अर्थ-डे के महत्व से अवगत करवाया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में स्कूल प्रबंधक मास्टर साहब सिंह ने भाग लिया। स्कूल प्रबंधक मास्टर साहब सिंह ने कहा कि दिन प्रतिदिन वनों के अंधाधुंध कटाव से प्रकृति का संतुलन बिगड़ता जा रहा है। यदि समय रहते हम सचेत नहीं हुए तो आने वाली पीढ़ी को बड़ा नुकसान उठाना पड़ेगा। इसके लिए हमें सचेत हो जाना चाहिए। उन्होंने पृथ्वी को संरक्षित करने के इन प्रयासों के लिए विद्यार्थियों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि अपनी धरती को सुरक्षित बनाना हम सबका कर्तव्य है । इसलिए हमें इस संदेश को जन जन तक पहुंचाना है।



## पृथ्वी दिवस पर जिलेभर के विद्यालयों में हुए कार्यक्रम

# बच्चों ने पोस्टर और नाटिका से पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला भर में बुधवार को पृथ्वी दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। गीता निकेतन विद्या मंदिर सेक्टर -3 कुरूक्षेत्र विद्यालय में पृथ्वी दिवस मनाया गया। जिसका उद्देश्य छात्रों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाना था। इस दिन को मनाने के पीछे मूल भावना यह है कि पृथ्वी के बिगड़ते स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए हम सभी सचेत हो और उन बातों का ख्याल रखें जिससे पृथ्वी को नुकसान ना हो। वंदना सत्र में छात्रों के द्वारा पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में कविता गायन भी किया गया। कक्षा तृतीय से अष्टम तक के छात्रों ने पृथ्वी दिवस पर पोस्टर बनाएं जिन के माध्यम से छात्रों ने पृथ्वी बचाओ अभियान का संदेश दिया। विद्यालय प्रधानाचार्य सोमनाथ चौधरी ने छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि हम अपनी पृथ्वी को बचाने के लिए इतना जरूर करें कि पॉलीथिन के उपयोग को नकारे। कागज व्यर्थ ना करें और अपने जन्मदिन पर एक पौधा अवश्य लगाएं और उसके संरक्षण का संकल्प भी ले।



कुरुक्षेत्र। प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे।

### दिल्ली पब्लिक स्कूल में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

**कुरुक्षेत्र।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य अनीता ने पौधारोपण करके किया। उन्होंने छात्रों को बताया कि हर वर्ष यह 22 अप्रैल को विश्व भर में मनाया जाता है। जिसका मुख्य उद्देश्य यह है कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना है विद्यालय में पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, पौधारोपण और भाषण प्रतियोगिता में सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। 190 से अधिक देशों में मनाया जाने वाला यह दिवस यह याद दिलाता है कि पृथ्वी की सुरक्षा ही हमारा भविष्य सुनिश्चित कर सकती है। विद्यालय के छात्रों ने स्कूल के प्रांगण में पौधारोपण करके पर्यावरण को स्वच्छ रखने का प्रण लिया। स्कूल की प्रधानाचार्य ने सभी बच्चों को पृथ्वी दिवस के बारे में बताते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य केवल पृथ्वी को बचाना नहीं बल्कि उसे आने वाली पीढ़ियों के लिए रहने योग्य बनाए रखना है।

## नवयुग स्कूल के विद्यार्थियों ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र





नवयुग सीनियर सैकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में पृथ्वी दिवस के अवसर तीन दिवसीय गतिविधियों का समापन हुआ। विद्यालय में पर्यावरण जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा षष्ठम से अष्टम के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया तथा 'धरती माता करे पुकार, वृक्ष लगाओ बार बार , पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ, जैसे नारों से विद्यालय के आसपास के क्षेत्र के लोगों को पर्यावरण की रक्षा का संदेश दिया। रैली को रवाना करने के लिए डॉ सतपाल सिंह बग्गा उप जिला शिक्षा अधिकारी कुरुक्षेत्र एवं प्यारे लाल शर्मा वरिष्ठ अध्यापक विशिष्ठ अतिथि के रूप में विद्यालय में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पृथ्वी पर जीवन को बनाए रखने के लिए इस धरती व पर्यावरण को बचाना बहुत जरूरी है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रशासक विकास गाबा, मुख्याध्यापिका प्रीती मिश्रा, को ऑर्डिनेटर ऋतु चौधरी, अध्यापिका मंजीत, रजनी आदि मौजूद रहे।

### गीता विद्यालय में विद्यार्थियों ने आकर्षक पेंटिग की प्रस्तुत





**कुरुक्षेत्र।** श्रीमद्भागवदगीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र में पृथ्वी दिवस बड़े उत्साह एवं जागरूकता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। एनसीसी अधिकारी एवं आचार्य जयदीप मेहता द्वारा प्रेरणादायक उद्बोधन दिया गया। जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों को पृथ्वी के संरक्षण हेतु दैनिक जीवन में सकारात्मक कदम उठाने के लिए प्रेरित किया। कक्षा 6 के विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण विषय पर आकर्षक पेंटिंग प्रस्तुत की। इस अवसर पर समन्वयक अनुज वालिया, शिक्षक नरेंद्र सहित अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित रहे।



## एसडी गर्ल्स स्कूल में उत्साहपूर्वक मनाया पृथ्वी दिवस, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**कुरुक्षेत्र।** एस.डी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पृथ्वी दिवस बड़े ही उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने सुंदर स्लोगन और कविताओं के माध्यम से पृथ्वी के प्रति अपने प्रेम और जिम्मेदारी को व्यक्त किया। सातवीं कक्षा की छात्राओं ने एक प्रभावशाली नाटिका के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का महत्व और वर्तमान समय में इसकी आवश्यकता को दर्शाया। नाटिका ने सभी को सोचने पर मजबूर कर दिया कि हमें अपनी पृथ्वी को सुरक्षित रखने के लिए मिलकर प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक विकास शर्मा व मंजू शर्मा, प्रधानाचार्या रिम्मी बठला तथा उप-प्रधानाचार्या अंजलि की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। सभी ने मिलकर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विद्यालय प्रबंधक ने इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को अधिक से अधिक पेड़ लगाने, जल संरक्षण करने और स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया।

## पृथ्वी को सुरक्षित रखना जिम्मेदारी : सिंगला



**कुरुक्षेत्र।** दबखेड़ी स्थित श्रीमहाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत के प्रधान विशाल सिंगला द्वारा विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। प्रधान विशाल सिंगला ने अपने संबोधन में कहा कि पृथ्वी को सुरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है और प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए। उन्होंने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष विशेष गर्ग जी, एडमिन विकास बंसल, योगेश गर्ग, डॉ अरुण कुमार, वीना गर्ग ,निशा कुमारी ,सीमा शर्मा ,सपना धीरज ,सोनिया, शिवानी, नीरज ,रजनी उपस्थित रहे।

### किड्जी स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया पृथ्वी दिवस





लाडवा। पृथ्वी दिवस पर पर्यावरण बचाने का संदेश देते नन्हे मुन्ने बच्चे।

**लाडवा।** किड्जी स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस बड़े उत्साह एवं जागरूकता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाना तथा उन्हें धरती माँ का जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति से हुआ, जिसमें बच्चों ने एक प्रेरणादायक नाट्य रूपांतरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पौधारोपण अभियान रहा, जिसमें सभी बच्चों ने विद्यालय परिसर में स्वयं पौधे लगाए। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या विम्मी तनेजा ने अपने संबोधन में कहा, ह्लयदि हम इसी प्रकार पृथ्वी का अनादर करते रहे तो भविष्य में पृथ्वी पर जीवन दुर्लभ हो जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय की कॉर्डिनेटर प्रभा मुस्कान मग्गो, गीता शर्मा, गीता, सोनिया, सोनी, कविता, स्वाति, गौरव, गरिमा, विशाखा, अनु, शिवानी, मुस्कान, प्रीत, भावना, पल्लवी, शैल्वी, पल्लवी शर्मा, महक, आयुषी, हिमांशी, सिमरन, रविंद्र, डॉली, मंजू, निश, शैलजा, नवनीत, सुनीता, वंदना, रेनू, आदि उपस्थित रहीं।

### पोस्टर प्रतियोगिता में छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



कुरुक्षेत्र। गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पौधरोपण करती शिक्षिकाएं।

**कुरुक्षेत्र।** विद्या भारती हरियाणा के अंतर्गत गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, अमीन रोड, कुरूक्षेत्र में पृथ्वी दिवस बड़े उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक करना था। जिसमें विद्यार्थियों ने पृथ्वी को बचाने पर भाषण और विचार प्रस्तुत किए। प्राचार्या सुमन बाला ने विद्यार्थियों को पेड़ लगाने, प्लास्टिक का कम उपयोग करने तथा जल संरक्षण के महत्व के बारे में बताया। इसके बाद पोस्टर-निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण से संबंधित सुंदर पोस्टर बनाए। विद्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम भी किया गया, जिसमें प्राचार्या, आचार्या बहनों व विद्यार्थियों ने मिलकर पौधे लगाए और उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया। सभी ने मिलकर स्वच्छ और हरित वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों ने पर्यावरण की रक्षा करने और दैनिक जीवन में पर्यावरण-अनुकूल आदतें अपनाने की शपथ ली।

## खबर संक्षेप



### डीएलएसए ने गांवों में लगाए जागरूकता शिविर

**कुरुक्षेत्र।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुरुक्षेत्र की सीजेएम एवं सचिव नीतिका भारद्वाज के दिशानिर्देशानुसार पृथ्वी दिवस के अवसर पर स्कूलों, कॉलेजों, आईटीआई उमरी (कुरुक्षेत्र) एवं विभिन्न गांवों में जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया।

### बच्चों को दिया कौशल विकास का प्रशिक्षण

**पिहोवा।** सांसद नवीन जिंदल के नवीन अवसर कार्यक्रम के तहत पीएमश्री वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पर्सनेलिटी डेवलपमेंट और फाइनेंशियल लिटरेसी सत्र आयोजित किया गया। इसमें बच्चों को कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया गया। नवीन जिंदल फाउंडेशन और इंस्ट्रको दक्ष स्किल सेंटर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम में बच्चों को इमेल तैयार करने और फॉर्मल और कैजुअल तरीके से प्रेजेंटेशन के टिप्स सिखाए गए।

### 131 लोगों को उपलब्ध कराई स्वास्थ्य सुविधाएं

**कुरुक्षेत्र।** सांसद नवीन जिन्दल की प्रेरणा से नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट लगातार गांव-गांव पहुंचकर लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रही है। इसी क्रम में लाडवा विधानसभा क्षेत्र के बुहावी की कश्यप चौपाल में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में गांव के लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर के दौरान चिकित्सक ने मरीजों की सामान्य स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। रक्तचाप, मधुमेह सहित विभिन्न बीमारियों की जांच की गई।

## गोशालाओं को 13.71 लाख रुपये की अनुदान राशि बांटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

हरियाणा गोसेवा आयोग की ओर से शाहाबाद क्षेत्र की तीन प्रमुख गोशालाओं के लिए कुल 13 लाख 71 हजार 260 रुपये की अनुदान राशि जारी की गई है। यह राशि उपमंडल प्रशासन के माध्यम से प्राप्त हुई तत्पश्चात भाजपा नेता सुभाष कलसाना ने हुड्डा स्थित अपने कार्यालय कोठी नंबर 802 में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान संबंधित गोशालाओं के प्रतिनिधियों को विधिवत रूप से चेक वितरित किये। चेक वितरण के दौरान सुभाष कलसाना के साथ पार्षद ईशु सचदेवा, पार्षद नीरज मट्टू, पार्षद दीपक आनंद और पार्षद प्रतिनिधि प्रभजीत तनेजा विशेष रूप से मौजूद रहे। सुभाष कलसाना ने बताया कि वितरित की गई राशि में श्री मारकंडेश्वर गोशाला एवं वेलफेयर सोसायटी को 5 लाख 14 हजार 740 रुपये का चेक गोशाला प्रतिनिधि पूर्व नपा प्रधान बलदेव राज चावला को सौंपा गया। इसी प्रकार श्री कृष्णा गोशाला सेवा समिति को 4 लाख 31 हजार 480 रुपये का चेक गोशाला प्रतिनिधि डा. रविंद्र अग्रवाल को दिया गया, जबकि इच्छाधारी पीर धुना श्री चंद भगवान गोशाला को 4 लाख 25 हजार 40 रुपये की राशि का चेक गोशाला प्रतिनिधि महंत हरसिमरण दास को दिया गया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद बलदेव राज सेठी, पार्षद ईशु सचदेवा, नीरज मट्टू, दीपक आनंद, एडवोकेट मनदीप रावा, एडवोकेट अशोक वत्स सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।



शाहबाद। गोशालाओं के प्रतिनिधियों को अनुदान राशि के चेक वितरित करते सुभाष कलसाना व अन्य।

## अवैध कॉलोनियों में निर्माण का ढहाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि राजस्व संपदा थानेसर के विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 9 एकड़ में पनप रही अवैध कालोनियों में जिला प्रशासन की मदद से तोड़-फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। यह डयूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम ने हरमन सिंटी, सेक्टर-31, सेक्टर-32 अमीन रोड खेड़ी रामनगर के क्षेत्र पर 9 एकड़, में बनी अवैध कालोनी में बनी कच्ची सडकें, चार दीवारी के अवैध निर्माण को पीले पंजे से हटाया गया। इसके साथ ही अवैध अतिक्रमण को भी हटवाया गया। उन्होंने कहा कि डीटीपी नवीन कुमार की रिपोर्ट के अनुसार राजस्व संपदा थानेसर हरमन सिटी, सेक्टर-31, सेक्टर-32 अमीन रोड खेड़ी रामनगर क्षेत्र लगभग 9 एकड़ में पनप रही अवैध



कॉलोनी के पनपने का मामला सामने आया था, जिसके उपरांत विभाग द्वारा भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी कर जरूरी अनुमति लेने के आदेश दिए गए थे। इस पर जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा कार्रवाई करते हुए विभाग द्वारा इन अवैध कालोनियों में निर्माण को नष्ट करने का काम किया गया है।

## कब एवं बुलबुल कैंप के लिए रवाना हुए बीआर स्कूल के छात्र

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र। बी. आर. इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के 17 छात्र व कब मास्टर भारत व अध्यापिका सुषमा शर्मा एवं हैल्पर कृष्णा देवी अंबाला में 3 दिन के प्रशिक्षण के लिए रवाना हुए। विद्यालय प्रबंधन समिति के चेयरमैन दीपक चोपड़ा ने कहा कि विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र अपने परिवार, समाज व राष्ट्र के लिये एक संस्कारी व उत्तरदायी नागरिक बनकर अपना व राष्ट्र का भविष्य उज्ज्वल करेंगे। प्राचार्या पूजा कंबोज ने बताया कि स्कूल में 9वीं से 12वीं तक के छात्रों के लिये एनसीसी. सफलतापूर्वक चल रही है। वर्तमान सत्र में कक्षा तीसरी से पाँचवीं कक्षा के छात्रों के लिए कब एवं बुलबुल, कक्षा 6 से 8 तक के छात्रों के लिये स्काऊट्स एवं गाईड को प्रारंभ किया है।



## श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा मां बगलामुखी जयंती महोत्सव: महंत भीम पुरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

पिहोवा क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री पीतांबरा पीठ मां बगलामुखी मंदिर, धनीरामपुरा में मां बगलामुखी जयंती महोत्सव 24 अप्रैल शुक्रवार को बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर विशेष धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें दूर-दूर से संत, महंत, श्रद्धालु एवं गणमान्य लोग शामिल होंगे। गांव धनीरामपुरा के सरपंच एवं मंदिर के अग्रणी सेवादार विकल कुमार चौबे ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रीपंचायती अखाड़ा महानिवार्णी के श्रीमहंत एवं पीठ के संस्थापक एवं अध्यक्ष महंत बंसी पुरी महाराज तथा व्यवस्थापक महंत भीम पुरी महाराज के सानिध्य में इस पावन अवसर पर विशेष सुबह हवन-यज्ञ और दोपहर 12 बजे विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।





## सरकार की योजना सेगांव व आसपास क्षेत्रों में पेयजल सुविधा सुदृढ़, कई ट्यूबवेल चालू : डीडी

**पिहोवा।** भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित जय भगवान शर्मा डीडी के प्रयासों से केंद्र सरकार व हरियाणा सरकार की योजनाओं के तहत हरगांव सहित अनेक गांवों व शहर के वार्डों में पीने के पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए नए ट्यूबवेल कनेक्शन स्थापित किए जा रहे हैं। विभागीय पत्र के अनुसार कई स्थानों पर ट्यूबवेल बनकर तैयार हो चुके हैं और उन्हें जनता के उपयोग के लिए शुरू भी कर दिया गया है, जबकि कुछ स्थानों पर अभी कार्य जारी है तथा शेष ट्यूबवेल जल्द ही चालू कर जनता को समर्पित किए जाएंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुरुक्षेत्र जिले के अंतर्गत विभिन्न गांवों में खराब हो चुके ट्यूबवेल के स्थान पर नए ट्यूबवेल स्थापित करने के लिए लगभग लाखों रुपये की लागत से कार्य करवाया गया है। जिनमें प्रमुख रूप से मुकीमपुरा में लगभग 16.63 लाख रुपये, इशाक में 16.37 लाख रुपये, स्योंसर में 16.31 लाख रुपये, कलसा में यांत्रिक व सिविल कार्य मिलाकर लगभग 16.47 लाख रुपये और जल्द ही पी डब्ल्यू डी रेस्ट हाउस और अमृतसरी फार्म वार्ड 3 की सरकार से अनुमति आ गई है जल्द ही टेंडर प्रक्रिया द्वारा नए ट्यूबवेल स्थापित जाएंगे।



### हरियाणा तालाब एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण के कार्यकारी उपाध्यक्ष ने तालाबों का किया निरीक्षण

## तालाबों के आसपास सौंदर्यीकरण कार्य भी कराया जाएगा

# सरकार तालाब और नालों की समय पर सफाई सुनिश्चित कर रही : विमल गोस्वामी



लाडवा। गांव में तालाबों का निरीक्षण करते उपाध्यक्ष विमल गोस्वामी व उपस्थित अन्य अधिकारी गण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

हरियाणा तालाब एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण के कार्यकारी उपाध्यक्ष विमल गोस्वामी ने कहा कि प्रदेश के गांवों में तालाबों तथा अपशिष्ट जल निकासी व्यवस्था की नियमित और समयबद्ध सफाई सुनिश्चित करने के लिए सरकार काम कर रही है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता बनी रहे और लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का उद्देश्य गांवों के तालाबों से बदबू और घरों में पानी भरने की स्थिति को हर हाल में खत्म करना है। हरियाणा तालाब एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण के कार्यकारी उपाध्यक्ष विमल गोस्वामी बुधवार को लाडवा विधानसभा के गांव गुढी, गुढा, बकाली, बरोट, खेडी दबदलान, वडैचपुर, छपरा, ध्यांग्ला, उमरी के तालाबों का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी भी मौजूद रहे।

### तालाबों के सौंदर्यीकरण को लेकर चर्चा

प्रभारी कैलाश सैनी ने तालाबों के सौंदर्यीकरण को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश के तालाबों का निर्माण, पुनर्निर्माण और आधुनिकीकरण करवा रहे हैं। इसी उद्देश्य से आज लाडवा विधानसभा के गांव गुढी, गुढा, बकाली, बरोट, खेडी दबदलान, वडैचपुर, छपरा, ध्यांग्ला, उमरी के तालाबों का जायजा लिया गया, ताकि इन तालाबों के लिए बेहतर प्लानिंग, आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक डिजाइन के साथ विकसित किया जा सके। इसके साथ ही जगह उपलब्ध होने पर तालाबों के आसपास सौंदर्यीकरण कार्य भी कराया जाएगा, ताकि ग्रामीणों को स्वच्छ और सुंदर वातावरण मिले और लोग वहां सुबह-शाम भ्रमण कर सकें। इस मौके पर बीडीपीओ विनोद कुमार, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह दबखेड़ा, महामंत्री विजय गाबा, सुरजीत सिंह, राजेंद्र, राजपाल, परविंद्र सिंह, बलजोर सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### जय श्रीश्याम गोशाला में हवन 25 को

**थानेसर।** जय श्रीश्याम गौशाला अभिमन्युपुर में हवन व भंडारे का आयोजन 25 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। शनिवार को होने वाले इस आयोजन की जानकारी देते हुए प्रधान महावीर सिंगला ने बताया कि गौशाला के विकास एवं आर्थिक योगदान को लेकर धर्म-दानी व गऊ भक्त सज्जनों को गोशाला से जोड़ा जाता है ताकि गोशाला की गतिविधियां सुचारू रूप से चलती रहें। इसी उपलक्ष्य में शनिवार,25 अप्रैल को सुबह 10 बजे हवन होगा,तत्पश्चात गौ पूजन और दोपहर 12 बजे विशाल भंडारा होगा। इस मौके पर श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत कुरुक्षेत्र के पूर्व प्रधान सतप्रकाश गुप्ता मुख्यातिथि और सरपंच गौरव जैलदार बतौर विशिष्ट अतिथि गोधन की पूजा करके आरती में हिस्सा लेंगे। इस अवसर पर ग्राम पंचायत अभिमन्युपुर सहित बड़ी संख्या में गोभक्त शामिल होंगे।

## खबर संक्षेप

### मोटरसाइकिल चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** पुलिस ने चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाया हुआ है। अभियान के दौरान थाना नारायणगढ़ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कालाअंब से मोटसाइकिल चोरी करने के मामले में आरोपी को कच्चा रास्ता रूचरा फैक्टरी के पास से काबू किया है। शिकायतकर्ता विक्की निवासी दर्शन नगर कॉलोनी ने 14 अप्रैल 2026 को दी शिकायत में बताया कि 11 अप्रैल 2026 को आरोपी ने काला अंब से उसकी मोटरसाईकिल चोरी की है।

### पर्स चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए बस स्टैंड अम्बाला शहर के पास से महिला का पर्स चोरी करने के मामले में आरोपी को काबू किया है। पीड़ति महिला ने 21 अप्रैल 2026 को शिकायत में बताया कि 20 अप्रैल 2026 को आरोपी ने बस स्टैंड से उसका पर्स चोरी किया है। पर्स में लगभग 4/5 हजार की नकद राशि, आधार कार्ड, पैन कार्ड, घर की चाबियां व अन्य सामान) था। शिकायत के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई करते आरोपी को काबू किया।

### हेरोइन मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी अजय कुमार को 7 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया था। आरोपी ने पूछताछ के दौरान बतलाया कि इस मामले में आरोपी रिक्की भी शामिल हैं। पुलिस ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए मामले में संलिप्त एक अन्य आरोपी रिक्की वासी गांव थंबड़ को भी गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया जहां से आरोपी को पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### डेबिट कार्ड बदलकर 32 हजार निकाले

**अंबाला।** कबाड़ी बाजार स्थित पीएनबी के एटीएम बूथ पर मदद करने के बहाने ठग ने कुम्हार मंडी के सुखविंद्र सिंह का डेबिट कार्ड बदलकर खाते से 32,500 रुपये निकाल लिए। ठग ने नकद राशि तो निकाली ही, पेट्रोल पंप पर अपने वाहन में पेट्रोल भी डलवाया। कैंट थाना पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। सुखविंद्र सिंह ने बताया कि वह 8 फरवरी की शाम करीब 5 बजे कबाड़ी बाजार स्थित पीएनबी के एटीएम बूथ से अपनी पत्नी के खाते से पैसे निकलवाने गए थे। वहां पहले से खड़े एक युवक ने उन्हें बातों में उलझाया और मदद करने के लिए बोला। युवक ने इस बीच चालाकी से डेबिट कार्ड बदल लिया और उन्हें दूसरा कार्ड थमा दिया। घर लौटने के बाद मोबाइल से पैसे कटने के मैसेज आए। ठग ने खाते से पांच बार में 32 हजार 500 रुपये की राशि निकाल ली। इतना ही नहीं सेखों पेट्रोल पंप से 175 रुपये का पेट्रोल भी डलवाया। अगले दिन बैंक पहुंचने पर पता चला कि कार्ड बदलकर पैसे निकाले गए। पुलिस ने मामले में अब केस दर्ज की है।

## नगर निगम चुनाव: भाजपा ने अक्षिता सैनी को मेयर प्रत्याशी बनाया

# दादा दो बार जनसंघ की टिकट पर लड़े भाजपा ने पोती को बनाया मेयर प्रत्याशी

- नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए बचा तीन दिन का समय, भाजपा ने सदस्य पद के उम्मीदवारों की सूची नहीं की जारी, कांग्रेस की मेयर प्रत्याशी शक्ति प्रदर्शन के साथ दाखिल करेंगी नामांकन, पूर्व सीएम खुद दाखिल करवाएंगे पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नगर निगम चुनाव का लेकर सियासी पारा धीरे धीरे गरम हो रहा है। बुधवार को भाजपा की ओर से भी चुनाव को लेकर मेयर प्रत्याशी का ऐलान कर दिया गया। भाजपा ने अक्षिता सैनी को अपना प्रत्याशी बनाया है। हालांकि सदस्य पद के लिए अभी तक भाजपा की ओर से सूची जारी नहीं की गई। उधर नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया भी निरंतर चल रही है। अभी तक मुख्य राजनैतिक दल के किसी प्रत्याशी ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया है। वीरवार को कांग्रेस की मेयर प्रत्याशी कुलविंद्र कौर सैनी समेत कई सदस्य पद के उम्मीदवार भी नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा खुद मेयर प्रत्याशी का नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए अंबाला आ रहे हैं।

**कांग्रेस प्रत्याशी दाखिल करेगी नामांकन :** कांग्रेस पार्टी की मेयर प्रत्याक्षी कुलविंदर कौर सैनी वीरवार को को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगी । इस अवसर पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंदर सिंह, चौधरी भूपिंदर सिंह हुड्डा नेता प्रतिपक्ष , सांसद दीपेंद्र हुड्डा , सांसद वरुण चौधरी, विधायक चौधरी निर्मल सिंह एवं अन्य वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नामांकन करवाने के लिए पहुंचेंगे । मेयर के साथ ही कई सदस्य पद के उम्मीदवार भी अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इस अवसर पर अंबाला शहर के मानव चौंक पर सुबह 10 बजे एक बैठक भी आयोजित की जाएगी। जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से सभी कार्यकर्ताओं व शहर वासियों से अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में पंहुच कर इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने ओर कांग्रेस की मेयर उम्मीदवार कुलविन्द्र कौर सैनी को अपना आशीर्वाद ओर समर्थन प्रदान करें। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस की मेयर उम्मीदवार कुलविंद्र कौर सैनी को शहर की जनता का जोरदार समर्थन व सहयोग मिल रहा है। लोकसभा व विधान सभा चुनाव की तर्ज पर कांग्रेस पूरी तरह से एकजुट होकर इस चुनाव को लड़ेगी ताकि शहर के लोग जो परेशानियां नगर निगम की फैली अव्यवस्था के कारण पिछले दस ग्यारह सालों से झेल रहे हैं उनसे निजात दिलाई जा सके।




**अंबाला।** भाजपा की मेयर प्रत्याशी अक्षिता सैनी व कांग्रेस की मेयर प्रत्याशी कुलविंद्र कौर सैनी। फोटो : हरिभूमि

### पंचकूला निगम चुनाव के लिए कांग्रेस ने पार्षदों की सूची जारी की

| वार्ड | प्रत्याशी | वार्ड | प्रत्याशी |
|---|---|---|---|
| 1 | पायल सोढ़ी | 11 | अंजू |
| 2 | लंबित | 12 | जगजीत सोही |
| 3 | रजनीश सिंगला | 13 | अक्षयदीप चौधरी |
| 4 | राजीव चौधरी | 14 | लंबित |
| 5 | विजय शर्मा | 15 | सरस्वती देवी |
| 6 | दर्शन लाल | 16 | लंबित |
| 7 | पंकज बाल्मीकि | 17 | मुकेश सिरसवाल |
| 8 | उषा रानी | 18 | अमनदीप कौर |
| 9 | सुरिंदर सिंह | 19 | नजमा |
| 10 | बलजीत सिंह | 20 | विकास राणा |

### थानेसर से दादा लड़े दो बार चुनाव

भारतीय जनता पार्टी द्वारा अंबाला शहर नगर निगम चुनाव के लिए अक्षिता सैनी को मेयर पद का उम्मीदवार घोषित किया गया है। इसके लिए भाजपा के जिलाध्यक्ष मनदीप राणा ने पार्टी के नेतृत्व का कोटि-कोटि धन्यवाद किया है। बता दें कि अक्षिता सैनी का परिवार जनसंघ के समय से ही भाजपा की विचारधारा के प्रति समर्पित रहा है। उनके दादा वरियाम सिंह कुरुक्षेत्र (थानेसर) से दो बार जनसंघ के टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं। पिता स्वर्ण सैनी भाजपा के विभिन्न पदों का निर्वहन करते हुए मंडल महामंत्री रह चुके हैं। उनके परिवार की तीसरी पीढ़ी को यह जिम्मेदारी मिलना, पार्टी के प्रति उनकी वर्षों की तपस्या और वफादारी का प्रमाण है। राणा ने कहा कि एक ऐसे परिवार से मेयर प्रत्याशी का आना जिसका इतिहास ही संघर्ष और सेवा से जुड़ा हो, अंबाला के सुनहरे भविष्य का संकेत है।

### सदस्य उम्मीदवारों को सूची का इंतजार

अभी तक भाजपा की ओर से सदस्य पद के उम्मीदवारों की सूची जारी नहीं की गई है। ज्यादातर उम्मीदवार टिकट मिलने के इंतजार में बेहद बैचेन है। हालांकि भजापा नेताओं की मानें तो सदस्य पद के उम्मीदवारों की सूची तैयार हो चुकी है। किसी भी समय पार्टी की ओर से उसे जारी किया जा सकता है। ऐसे में अब नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए तीन दिन का ही समय बचा है। पता चला है कि भाजपा की ओर से अपने सभी संभावित प्रत्याशियों को नामांकन पत्र के लिए एनओसी लेने के आदेश जारी कर दिए हैं।

## मनुष्य जीवन का मूल उद्देश्य ईश्वर भक्ति और सत्य के मार्ग पर चलना



**अंबाला।** संत गोपाल दास महाराज के प्रवचनों पर झूमते श्रद्धालु।

- नंद बाबा के भये नंदलाल, बधाइयां गाए ग्वालनियां पर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

श्री सिद्ध किराना सेवा समिति द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा के चौथे दिन बाबा गोपाल दास महाराज ने धर्म, भक्ति और सदाचार का महत्व विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन का मूल उद्देश्य ईश्वर भक्ति और सत्य के मार्ग पर चलना है। राजा अम्बरीश की कथा का भावपूर्ण वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि राजा अम्बरीश महान विष्णु भक्त थे, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य और विनम्रता नहीं छोड़ी। बाबा जी ने कहा कि सच्चे भक्त पर आने वाले संकट को स्वयं भगवान दूर करते हैं। ऋषि दुर्वासा का प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने बताया कि क्रोध पर नियंत्रण और क्षमा का भाव ही मनुष्य को महान बनाता है। यह कथा श्रद्धालुओं को संयम, विश्वास और भक्ति की प्रेरणा देती है।

इसके उपरांत गंगा अवतरण का प्रसंग सुनाते हुए कथा व्यास बाबा गोपाल दास ने कहा कि राजा भगीरथ ने अपने पूर्वजों की मुक्ति के लिए कठोर तपस्या कर मां गंगा को पृथ्वी पर लाने का कठिन कार्य किया। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर गंगा जी पृथ्वी पर अवतरित हुईं, जबकि उनके वेग को संभालने के लिए भगवान शिव ने उन्हें अपनी जटाओं में धारण किया। उन्होंने कहा कि दृढ़ संकल्प, तपस्या और समर्पण से असंभव कार्य भी संभव हो जाते हैं।

### हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेश नगर पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए रास्ता रोककर ईंट और डंडों से जानलेवा हमला करने के मामले में संलिप्त दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान अश्वनी व मोहित कुमार निवासी बबयाल थाना महेश नगर के रूप में हुई है। शिकायतकर्ता मनप्रीत सिंह निवासी गोल्डन पार्क ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि दिनांक 5 अप्रैल 2026 को जब वह अपने पिता जसविंदर सिंह के साथ दयाल बाग स्थित गुरुद्वारा साहिब के पास मौजूद थे। तब आरोपी अक्षय, वासु और उनके अन्य साथियों ने उनका रास्ता रोक लिया और उन पर ईंट और डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस जानलेवा हमले में काफी गंभीर चोटें आई। शिकायत मिलने पर थाना महेश नगर पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया।



**अंबाला।** क्विज प्रतियोगिता में हिस्सेदारी करने वाले छात्र। *फोटो : हरिभूमि*

### एनडीएलआई जैसे प्लेटफॉर्म छात्रों के लिए ज्ञान का भंडार

**अंबाला।** अंबाला शहर के एमडीएसडी कॉलेज के पुस्तकालय एवं एनडीएलआई क्लब द्वारा "डिजिटल लर्निंग एवं नॉलेज एम्पावरमेंट थ्रू एनडीएलआई" विषय पर एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन कॉलेज पुस्तकालय में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षण संसाधनों के प्रति जागरूक करना तथा उनके ज्ञान, शोध क्षमता और विश्लेषणात्मक कौशल का विकास करना था। प्रतियोगिता में कॉलेज के विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। क्विज प्रतियोगिता को विभिन्न चरणों में आयोजित किया गया, जिनमें एनडीएलआई जागरूकता, सामान्य ज्ञान, समसामयिक विषय तथा रैपिड फायर राउंड शामिल थे। प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा और ज्ञान का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की संयोजक डॉ. कौशल चौहान, लाइब्रेरियन एवं एनडीएलआई क्लब की अध्यक्ष ने विद्यार्थियों को डिजिटल लाइब्रेरी के अधिकतम उपयोग हेतु प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी ऑफ इंडिया जैसे प्लेटफॉर्म विद्यार्थियों के लिए ज्ञान का विशाल भंडार हैं।

*डीएवी पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन, सुबह की सभा से शुरुआत*

## भव्यता के साथ मनाई महात्मा हंसराज की जयंती छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में दी शानदार प्रस्तुति




**अंबाला।** महात्मा हंसराज जयंती पर कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल, जगाधरी गेट में महात्मा हंसराज जयंती समारोह अत्यंत उल्लास, श्रद्धा और सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया गया। प्रातःकालीन सभा में विद्यार्थियों ने महात्मा हंसराज के जीवन पर आधारित भावपूर्ण कविता पाठ प्रस्तुत कर सभी को भावविभोर कर दिया। अपने वक्तव्यों के माध्यम से विद्यार्थियों ने महात्मा के संघर्षमय जीवन, उनकी निष्ठा, त्याग और शिक्षा के प्रति समर्पण को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत गीत ने महात्मा हंसराज के जीवन आदर्शों को जीवंत कर दिया। आर्य संस्कृति पर आधारित मनोहारी नृत्य प्रस्तुति ने दर्शकों को भारतीय परंपराओं की अनुपम झलक दिखाई। उपस्थित सभी जनों ने तालियों की गूंज के साथ इन प्रस्तुतियों का आनंद लिया। कक्षा 6 की कीर्ति व दिशिता द्वारा किए गए मंच संचालन में सभी का मन मोह लिया। इसी शुभ अवसर पर विद्यालय के एक्टिविटी प्लानर का विधिवत लोकार्पण भी किया गया, जो विद्यार्थियों के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।पूर्व-प्राथमिक विभाग में भी कार्यक्रम विशेष उत्साह के साथ मनाया गया। विभाग की कोऑर्डिनेटर मंजू सचदेवा ने महात्मा हंसराज के जीवन पर आधारित कहानियों और गीतों के माध्यम से नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों को प्रेरित किया। इस अवसर पर केक काटकर बच्चों में वितरित किया गया, जिससे वातावरण और भी उल्लासमय हो उठा। एक्टिविटी इंचार्ज गौरी वंदना ने बताया कि विद्यालय का आर्य युवा समाज समय-समय पर आर्य समाज की गतिविधियों के माध्यम से डीएवी के महान कर्णधारों को श्रद्धांजलि अर्पित करता है ताकि विद्यार्थी अपनी सांस्कृतिक जड़ों और मूल्यों को सदैव स्मरण रखें। प इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. राधा रमण सूरी ने अपने प्रेरणादायक संदेश में कहा कि महात्मा हंसराज का जीवन हमें सिखाता है कि सच्ची शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होती, बल्कि वह चरित्र निर्माण और समाज सेवा की भावना को भी प्रोत्साहित करती है।

*कक्षा नर्सरी से तीसरी तक के बच्चों ने आकर्षक पोस्टर बनाकर पृथ्वी बचाओ का संदेश दिया*

## उत्साह, जागरूकता और गरिमामय वातावरण में मनाया पृथ्वी दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस बड़े उत्साह, जागरूकता और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति चेतना जागृत करने तथा प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का भाव विकसित करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नन्हे विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रस्तुतियों से हुई। कक्षा नर्सरी से तीसरी तक के बच्चों ने आकर्षक पोस्टर बनाकर "पृथ्वी बचाओ" का संदेश दिया। साथ ही बच्चों को पर्यावरण संरक्षण पर आधारित एक प्रेरणादायक डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी दिखाई गई जिससे उन्हें प्रकृति के महत्व की जानकारी मिली। कक्षा 4, 5 और 6 के विद्यार्थियों ने पोस्टर निर्माण और पौधारोपण गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपने कार्यों के माध्यम से प्रकृति के प्रति प्रेम और संवेदनशीलता का परिचय दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन इको क्लब की संयोजिका नीति जैन एवं डॉ. करुणा कालरा के निर्देशन में किया गया। कक्षा 7 और 8 के विद्यार्थियों ने अंग्रेज़ी अध्यापकों के मार्गदर्शन में "सेव अर्थ", "स्वच्छता अपनाओ" और "प्रदूषण मुक्त वातावरण" जैसे विषयों पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किए। कक्षा 9 और 10 के विद्यार्थियों ने हिंदी अध्यापकों के निर्देशन में वैश्विक ऊष्मीकरण, हरित पृथ्वी और पर्यावरण संरक्षण जैसे समसामयिक विषयों पर ओजस्वी वक्तव्य देकर सभी को जागरूक किया।



**अंबाला।** कार्यक्रम में भाग लेते हुए प्रतिभागी स्टूडेंट्स।

## रोड सेफ्टी को लेकर जिला प्रशासन सख्त नियम उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई

**बराड़ा।** उपमंडल क्षेत्र में सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। लघु सचिवालय में एसडीएम सतिंद्र सिवाच की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सड़क हादसों पर अंकुश लगाने और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक में एसडीएम ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि क्षेत्र की सभी सड़कों को प्राथमिकता के आधार पर गड्ढामुक्त किया जाए। उन्होंने कहा कि सड़कों पर बने गड्ढे दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण हैं, इसलिए इनके सुधार में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लोक निर्माण विभाग सहित अन्य एजेंसियों को सड़कों का सर्वे कर शीघ्र मरम्मत कार्य पूरा करने और रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। स्कूली बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्राइवेट स्कूल बसों की नियमित जांच के आदेश भी जारी किए गए हैं। इसके लिए एक विशेष कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी और तहसीलदार बराड़ा शामिल हैं। यह कमेटी बसों की फिटनेस, ड्राइवरों के लाइसेंस, ओवरलोडिंग और अन्य सुरक्षा मानकों की गहन जांच करेगी।



**अंबाला।** बैठक में उपस्थित अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

### ड्रेस कोड पॉलिसी के विरोध को लेकर विहिप बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने किया विरोध

**अंबाला।** कंपनी की ड्रेस कोड पॉलिसी के विरोध में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने अंबाला कैंट स्थित लेंसकार्ट शोरूम पर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने शोरूम के भीतर जाकर कर्मचारियों को तिलक लगाया और कंपनी की नीतियों के खिलाफ आपत्ति दर्ज कराई। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि कंपनी की ड्रेस कोड नीति में तिलक, बिंदी और कलावा जैसे हिंदू धार्मिक प्रतीकों पर रोक लगाने की बात सामने आई थी जबकि अन्य धर्मों के प्रतीकों को अनुमति दी गई थी। इस मुद्दे को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी रोष देखने को मिला। विहिप के जिला मंत्री यश प्रकाश ने कहा कि भारतीय संस्कृति और धार्मिक पहचान का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विवाद बढ़ता देख लेंसकार्ट कंपनी ने स्पष्ट किया है कि संबंधित नीति पुरानी थी। कंपनी ने अब एक संशोधित स्टाइल गाइड जारी की है।

- संस्कृति और धार्मिक पहचान का अपमान बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

**परीक्षा** | जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा बच्चों और अभिभावकों से हुए रुबरू

# मिशन बुनियाद लेवल-3 में 212 छात्रों ने दी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

प्रदेश सरकार की प्रमुख शैक्षणिक पहल मिशन बुनियाद के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026–28 हेतु लेवल-3 की परीक्षा बुधवार को एसडी कॉलेज अंबाला कैंट में जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा के नेतृत्व में शांतिपूर्ण एवं अनुशासित ढंग से संपन्न हुई। जिले के 256 विद्यार्थियों ने बुनियाद लेवल 2 की परीक्षा पास की थी जिसमें से 212 विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में भाग लिया। इनमें से जो विद्यार्थी यह परीक्षा पास करेंगे उनकी काउंसलिंग 29 अप्रैल 2026 को गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल पुलिस लाइन में होगी इन बच्चों को बुनियाद के पांच सेंटर में से अपनी पसंद का सेंटर चयनित करने का मौका मिलेगा और इसमें 2 साल के लिए उनकी पढ़ाई सेटेलाइट क्लासेस के द्वारा बिना किसी शुल्क के करवाई जाएगी। आज ली गई परीक्षा का स्वरूप वस्तुनिष्ठ आधारित रहा। जिले में मिशन बुनियाद के कुल 5 केंद्र संचालित हैं। जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने उपस्थित छात्रों और अभिभावकों को बताया कि अथक परिश्रम व अभिवावकों के प्रोत्साहन एवं सहयोग से छात्र अपने सपनों को पूरा कर सकते हैं। एक कहानी के माध्यम से छात्रों को संघर्ष की महत्ता को बताकर प्रोत्साहित किया और यह संदेश दिया कि माता-पिता बच्चों के पहले गुरु होते हैं, जिनकी भूमिका उनके जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने बच्चों को मेहनत और अनुशासन से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। मिशन बुनियाद का उद्देश्य सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले प्रतिभाशाली छात्रों को उचित मार्गदर्शन, संसाधन और प्रतिस्पर्धात्मक माहौल प्रदान कर उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर अवसर दिलाना है। मिशन बुनियाद व सुपर 100 के माध्यम से पढ़कर जिन बच्चों ने देश के सर्वोच्च एवं प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में दाखिला लेकर अंबाला ज़िले का नाम रोशन करने वाले छात्रों और उन साथ आए अभिवावकों को भी जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने सम्मानित किया।



**अंबाला।** छात्रों व उनके अभिभावकों को सम्मानित करते जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा। फोटो : हरिभूमि

### प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को मिशन बुनियाद 2026–28 बैच की आगामी प्रक्रिया से अवगत करवाया गया और बताया गया कि लेवल-3 परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरांत अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह में काउंसलिंग आयोजित की जाएगी, जिसमें विद्यार्थियों को अपने आवश्यक दस्तावेज विद्यालय के माध्यम से जमा कराने होंगे। दस्तावेज सत्यापन के उपरांत प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। विकल्प फाउंडेशन के निर्देशक प्रदीप कुमार ने छात्रों की सफलता के लिए अभिभावकों की मुख्य भूमिका के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने छात्रों के संघर्ष में अभिभावकों के योगदान को हृदय से नमन किया। प्रदीप कुमार ने सभी प्रतिभागियों को अपने माता-पिता का सम्मान एवं सत्कार करने के लिए प्रेरित किया व नैतिक शिक्षा से संबंधित विभिन्न पहलुओं को भी उजागर किया। कार्यक्रम के अंत में जिला विज्ञान विशेषज्ञ पूजा भारद्वाज ने सभी प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कॉलेज प्राचार्य डॉ. अलका शर्मा व उपस्थित जन का धन्यवाद किया।

### पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर 2 के छात्रों ने निकाली साइकिल रैली

**अंबाला।** छावनी स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर 2 में ईको क्लब फॉर मिशन लाइफ के तहत पृथ्वी दिवस हर्षोल्लास एवं पर्यावरणीय चेतना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय द्वारा एक प्रभावशाली साइकिल रैली का आयोजन किया गया जो विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर *रानी का तालाब (ऐतिहासिक स्थल) तक पहुँची। रैली में लगभग 20 छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने भाग लेते हुए "स्वच्छ पर्यावरण–स्वस्थ जीवन" का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। यह कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य हरिंद्र सिंह लांबा एवं उप प्राचार्य मनीष सेमवाल के कुशल निर्देशन में प्रारंभ हुआ, जिसमें चित्रकला प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते पृथ्वी संरक्षण, जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरण संतुलन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए।